तापमान

अधिकतम 32.0 डिग्री

न्यूनतम 21.0 डिग्री

हरिभूमि वनांचल भूमि

रायपुर, सोमवार 5 मई 2025

बस्तर | दंतेवाड़ा | बीजापुर | सुकमा | कांकेर | कोण्डागांव | नारायणपुर

10 कलेक्टर ने बड़ेकनेरा व चिपावण्ड के प्राथमिक...



11 मेले में दिखी आदिवासी लोक संस्कृति की झलक



# 17 स्वर्ण, 10 सिल्वर व 4 ब्रांज मेडल जीतकर बस्तर बना ओवरऑल चैंपियन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

अलग खबर

दल्लीराजहरा जिला बालोद में 2 से 3 मई को 24वीं राज्य स्तरीय म्यू थाई चैंपियनशिप का आयोजन किया गया। जिसमें बस्तर ने सर्वाधिक 17 स्वर्ण पदक 10 सिल्वर 4 ब्रांज मेडल जीतकर ओवरऑल चैंपियन बना।

राज्य म्यू थाई संघ के अध्यक्ष लखन कुमार साहू, महासचिव अनीस मेमन ने बताया कि पुरस्कार वितरण छत्तीसगढ़ राज्य बाल संरक्षण आयोग की अध्यक्ष डॉ वर्णिका शर्मा ने तथा अध्यक्षता केंद्रीय खेल मंत्री के निज सचिव सिद्धांत शर्मा ने किया। मंच पर दल्लीराजहरा नगर पालिका अध्यक्ष तोरण साहू, दल्लीराजहरा खदान समूह के मुख्य प्रबंधक आर बी गहरवाल, भाजपा युवा नेता अंजिनेश शुक्ला, मण्डल अध्यक्ष दल्लीराजहरा रामेश्वर साहू, छ ग एथलेटिक संघ के उपाध्यक्ष सौरभ लूनिया आदि गणमान्यजन उपस्थित थे। राज्य म्यूथाई प्रतियोगिता में अम्बिकापुर, बस्तर, बालोद, बिलासपुर, दुर्ग, जांजगीर चाम्पा, दंतेवाड़ा, कोरबा, मुंगेली एवँ रायपुर जिले के लगभग 175 खिलाड़ियों अधिकारियों ने भाग लिया। प्रतियोगिता में प्रदर्शन के आधार पर आयु और वजन वर्ग अनुसार लगभग 70 सदस्यीय ▶▶|शेष पेज 10 पर

## जगदलपुर के युवराज सिंह को अतर्राष्ट्रीय स्तर पर उपलब्धि के लिए मिला सम्मान

### इनका हुआ विशेष सम्मान

मुख्य अतिथि डॉ वर्णिका शर्मा एवँ मंचस्थ अतिथियों ने 2024 से 25 में अंतरराष्ट्रीय म्यूथाई प्रतियोगिताओं में पदक जीत कर भारत और छत्तीसगढ़ का नाम रौशन करने वाले युवराज सिंह जगदलपुर, दिव्या अग्रवाल और टिकेश्वरी साहू दोनों रायपुर का विशेष सम्मान किया।





### इन्होंने जीता पदक

पदक प्राप्त करने वालों में बालिका कु,आरवी अवस्थी, कु, योगनशी नाग, कु, अन्वी जैन, कु, वन्दना गोयल, कु, सुरभि यादव, कु, भुनेश्वरी महवर, कु, गरिमा नाग, कु, श्रुति शर्मा, कु, वेदानशी ठाकुर, कु, प्रतिमा बघेल, कु, तमन्ना कश्यप, कु, वंशिका बंछोर, दीपिका कश्यप, ▶▶|शेष पेज 10 पर

## खबर संक्षेप



### गौरक्षा प्रमुख सुहास सेटठी को दी गई श्रद्धांजलि

**जगदलपुर।** मंगलौर में गौ रक्षा करते हुए बलिदान देने वाले बजरंग दल गौ रक्षा प्रमुख वीर सनातनी हिन्दू भाई सुहास सेट्ठी को विश्व हिन्दू परिषद बजरंग दल के सदस्यों द्वारा आत्मा की शांति हेतु पुष्प अर्पित एवं मौन धारण कर श्रद्धांजलि दी गई। जिसमे जिला गौ रक्षा प्रमुख विष्णु ठाकुर, नगर अध्यक्ष पवन राजपूत, नगर मंत्री विक्रम सिंह ठाकुर, नगर संयोजक भवानी सिंह चौहान, पवन राजा रोहित झा यशवंत अमन धीवर शौभाग्य पारेश्व, सुमित गुप्ता एवं समस्त बजरंगी उपस्थित थे।

### डिवाइडर, पेड़ व विद्युत पोल से फ्लेक्स निकालना शुरू



**जगदलपुर।** नगर पालिका निगम द्वारा प्रतिबंधित क्षेत्र डिवाइडर, पेड़ विद्युत पोल, ट्रांसफार्मर में लगे फ्लेक्स को निकालने का काम शुरू कर दिया गया है। सड़क के बीच डिवाइडर पर लगे फ्लेक्स को हटाने का काम किया जा रहा है। वर्षा, तेज हवा को देखते हुए जिससे दुर्घटनाओं की संभावना बढ़ रही है। निगम द्वारा कार्रवाई करते हुए फ्लेक्स को निकाले जा रहे है।

### राज्यपाल से अजय सिंह ने भेंट कर माना आभार



**जगदलपुर।** शहीद महेंद्र कर्मा यूनिवर्सिटी के कार्यपरिषद् सदस्य नियुक्त होने पर अजय सिंह बैस ने राज्यपाल रामेन डेका से सौजन्य भेंट कर आभार व्यक्त किया है। इस बीच उनके बीच विभिन्न मुद्दों पर चर्चा हुई।

### देवांगन समाज के प्रदेश अध्यक्ष प्रदीप का कोण्डागांव प्रवास



जगदलपुर। देवांगन समाज के प्रदेश अध्यक्ष प्रदीप देवांगन कोण्डागांव जिला पदाधिकारी के साथ प्रदेश में 1 जून को होने वाले समाज के महाकुंभ आयोजन के संबंध में शहर पहुंचे। उन्होंने पदाधिकारियों से आयोजन के संबंध में चर्चा की।

### बस की ठोकर से शिक्षिका की हुई मौत

**गीदम।** राष्ट्रीय राजमार्ग 63 में गीदम-जगदलपुर मार्ग पर गीदम थाना क्षेत्र के भैसा झोड़ी नाला सीआरपीएफ हेड क्वार्टर के सामने यात्री बस की ठोकर से बाइक सवार शिक्षिका प्रेमलता तामो, निवासी बड़े कमेली लमडीपारा की मौत हो गई। बाइक चला रहा दयानंद समरथ पिता सोनू निवासी चितालंका दंतेवाड़ा घायल हो गया। मृत शिक्षिका प्रेमलता तामो आदर्श स्कूल बालूद दंतेवाड़ा में पदस्थ थीं। गीदम पुलिस ने बस चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। टीआई विजय पटेल ने बताया कि मोटर व्हीकल एक्ट के तहत कार्रवाई की जा रही है।

## 4 जिले में विद्युत लाइन में दो दर्जन पेड़ गिरने से हुई परेशानी


# आंधी- बारिश से 3 घंटे में 120 पोल, तार टूटने से 250 गांवों में बंद रही बिजली



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

बस्तर संभाग के 4 जिलों के कोंडागांव, सुकमा, कांकेर जिले के अंतागढ़ और पखांजूर क्षेत्र में तेज आंधी एवं बारिश से शनिवार की रात को तीन घंटे में विद्युत लाइन में पेड़ गिरने से 120 पोल, तार टूटने से लगभग 250 गांवों में विद्युत आपूर्ति प्रभावित हुआ। सूचना मिलते ही कर्मचारियों ने रात से ही विद्युत आपूर्ति सामान्य करने की कार्रवाई तीव्र गति से किया रहा है। इससे रविवार की दोपहर तक 110 गांव में बंद बिजली बहाल हुई, जिससे ग्रामीणों ने राहत की सांस ली, अन्य 10 गांव की बिजली देर रात तक बहाल हो सकेगी। वहीं इससे पूर्व एक सप्ताह में सातों जिलों में बारिश, तेज अंधड़ से 111 पोल, 265 तार टूटने से विद्युत कंपनी को 50 लाख का नुकसान हुआ और लगभग 200 गांव में विद्युत प्रभावित हुई, पर शनिवार की रात तक सभी गांव में बिजली बहाल हो गई थी। कंपनी जगदलपुर वृत्त के अधीक्षण अभियंता एनके पोयाम ने बताया कि उपभोक्ताओं की शिकायत पर बारिश थमने से डीई, एई, जेई क्षेत्र के कर्मचारियों के साथ स्थल में पहुंचकर बंद बिजली का निराकरण करने का प्रयास किया।





### लाइनमेन की टीम ने की पेट्रोलिंग

संभागीय मुख्यालय जगदलपुर में शनिवार की रात लगभग 7.45 बजे बारिश एवं तेज हवाओं से बिजली बंद हुई, जिससे उपभोक्ता परेशान रहे। इस पर कार्यपालन अभियंता एचके ध्रुव ने बारिश थमने के बाद लाइनमेन की टीम को पेट्रोलिंग कराया। उसके बाद बिजली बहाल हो सकी।

### बहाल करने का प्रयास कर रहे

विद्युत कंपनी जगदलपुर क्षेत्र के कार्यपालक निदेशक एसके ठाकुर ने बताया कि बारिश, अंधड़ एवं आकाशीय बिजली से विद्युत लाइन की तबाही हुई। हालांकि बिजली बंद होने पर अधिकारी के साथ लाइनमेन पहुंचकर बहाल करने में प्रयास कर रहे हैं।

## एक स्थाई वारंटी नक्सली को किया गया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोंटा

एमसीपी की कार्रवाई के दौरान एक स्थाई वारंटी नक्सली को गिरफ्तार किया गया है। वर्ष 2015 में ग्राम नागाराम में आम नागरिक की हत्या में शामिल नक्सली को थाना चिन्तलनार से जिला पुलिस बल एवं कैंप लखापाल से 74 वाहिनी सीआरपीएफ की संयुक्त पार्टी ने संदिग्ध हालात गिरफ्तार किया है। पूछताछ पर अपना नाम पता कुंजाम सोमड़ा उर्फ सोमारू पिता सुप्पा उम्र 30 वर्ष जाति मुरिया निवासी नागाराम थाना चिन्तलनार होना तथा नक्सल संगठन में मिलिशिया सदस्य के पद पर कार्य करना बताया। नक्सली आरोपी को थाना चिन्तलनार तत्कालिक थाना जगरगुण्डा लाकर रिकार्ड चेक करने पर क्षेत्रान्तर्गत 21 मार्च 2015 को ग्राम नागारास, पटेलपारा के पास गांव वालो के सामने नुप्पो चैतू को लाठी, डंडा, कुल्हाड़ी से वार कर हत्या कर शव को जला देने की घटना में अन्य नक्सलियों के साथ शामिल रहा है। उक्त नक्सली के विरूद्ध न्यायालय द्वारा उक्त प्रकरण में स्थाई वारन्ट जारी किया गया है। नक्सली आरोपी गिरफ्तारी के डर से लगातार फरार चल रहा था। जिसे अग्रिम वैधानिक कार्रवाई करते हुए गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया गया।



## कलेक्टर ने प्रेस वार्ता में दी जानकारी

# दंतेवाड़ा में सुशासन तिहार पर 37,363 मिले आवेदन, 33 हजार 362 आवेदनों का हुआ निराकरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा

राज्य शासन द्वारा प्रदेश व्यापी सुशासन तिहार अंतर्गत प्रथम चरण में जिले से अब तक 37,363 आवेदन प्राप्त हुए है। इन आवेदनों का गुणवत्तापूर्ण निराकरण किया जा रहा है। संयुक्त जिला कार्यालय के सभागार में प्रेसवार्ता के दौरान कलेक्टर कुणाल दुदावत ने तथ्य से अवगत कराया। उन्होंने कहा कि राज्य में सुशासन की स्थापना को लेकर लगातार प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है। शासन-प्रशासन के हर स्तर पर यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि शासकीय कार्यों में पारदर्शिता आए, योजनाओं और कार्यक्रमों का प्रभावी क्रियान्वयन हो और इनका लाभ उन जरूरतमंद वर्गों तक समयबद्ध ढंग से पहुंचे, जिनके लिए ये योजनाएं बनाई गई हैं। इसी कड़ी में, मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की मंशा के अनुरूप राज्य में सुशासन तिहार का आयोजन किया जा रहा है। आवेदन प्राप्त करने के लिए समाधान पेटी की व्यवस्था जिला और विकासखंड मुख्यालय स्तर पर की गई थी। इसके अलावा इस अवधि के दौरान हाट बाजारों में भी आवेदनों का संग्रह किया गया है। कलेक्टर ने कहा कि दंतेवाड़ा जिले में कुल 37,363 आवेदन प्राप्त हुए हैं, जिनमें से ▶▶|शेष पेज 10 पर



# सुशासन तिहार से मिलेगा जनता को समयबद्ध समाधान

**सुकमा।** कलेक्टर देवेश कुमार ध्रुव ने कलेक्ट्रेट में प्रेसवार्ता में जिले में चल रहे सुशासन तिहार के दौरान प्राप्त आवेदनों और उनके निराकरण की प्रगति के संबंध में जानकारी दी। साथ ही अपील करते हुए कहा कि समाधान शिविरों के प्रचार-प्रसार में आप सभी सहभागी बने, ताकि ज्यादा से ज्यादा लोगों को शिविर का लाभ मिल सके। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ नम्रता जैन भी उपस्थित थीं।

कलेक्टर ने बताया की छत्तीसगढ़ सरकार राज्य में सुशासन की स्थापना को लेकर लगातार प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है। शासन-प्रशासन के हर स्तर पर यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि शासकीय कार्यों में पारदर्शिता आए, योजनाओं और कार्यक्रमों का प्रभावी क्रियान्वयन हो और इनका लाभ उन जरूरतमंद वर्गों तक समयबद्ध ढंग से पहुंचे, जिनके लिए ये योजनाएं बनाई गई हैं। इसी कड़ी में, मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की मंशा के अनुरूप ▶▶|शेष पेज 10 पर




# हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा श्रीईश्वराम्मा सप्ताह



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

श्री सत्य साई सेवा समिति के तत्वावधान में श्रीईश्वराम्मा सप्ताह हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है। सप्ताह के चतुर्थ दिवस साई समिति द्वारा सभी क्षेत्र में बच्चों के उत्कृष्ट विकास के लिए चित्रकला एवं रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में शहर के सभी बाल विकास केंद्रीय बच्चों ने चित्रकला एवं रंगोली प्रतियोगिता में भाग लिया। रंगोली ▶▶|शेष पेज 10 पर

### 9 कुष्ठ रोगियों को दी सामग्री

श्री सत्य साई सेवा समिति धनपूंजी द्वारा दिन रविवार को ईश्वराम्मा सप्ताह के तहत ग्राम देवड़ा में 9 कुष्ठ रोगियों को चावल, दाल, खाने का तेल, हल्दी, मिर्च, धनिया, नहाने का साबुन, कपड़े धोने का साबुन, बालों में लगाने का तेल, सर्फ आदि नीति उपयोगी एवं खाद्य सामग्री का वितरण किया गया। समिति जगदलपुर द्वारा ग्राम कालीपुर में 3 एवं शहर में 5 परिवारों को सामाग्री वितरण किया। समिति द्वारा ग्राम एवं शहर में गरीब एवं निराश्रित व्यक्तियों के लिए प्रतिमाह किया जाता है, इसमें धनपूंजी समिति के संयोजक शुभाशीष, केदारनाथ पांडे, दुर्गा शरण, श्रीमती नवनीत मिश्रा, कुमारी प्रियांशी, मीना मालगांवकर, मुकेश रायकवार, डी. रामलू राव ने अपनी सेवाएं दी।

## राष्ट्रीय संगोष्ठी में देशभर से आए शिक्षाविद- शोधकर्ता शामिल हुए




हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी माध्यम आदर्श महाविद्यालय में छत्तीसगढ़ काउंसिल ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी रायपुर के सौजन्य से दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी का विषय रिसर्च मेथाडोलॉजी इम्पैक्ट ऑफ टेक्नोलॉजी ऑन रिसर्च था। इस आयोजन में देशभर के शिक्षाविद, शोधकर्ता, फैकल्टी सदस्य और विद्यार्थी ऑनलाइन एवं ऑफलाइन दोनों माध्यमों से सम्मिलित हुए। शुभारंभ सरस्वती वंदना से हुआ। इसके बाद महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. राजीव गुहे ने स्वागत भाषण प्रस्तुत किया। मुख्य अतिथि डॉ कल्लोल कुमार घोष ने तकनीकी नवाचारों के माध्यम से शोध की गुणवत्ता में सुधार की आवश्यकता पर बल दिया। संयोजक डॉ. रवि द्विवेदी ने विषय की रूपरेखा और उद्देश्य स्पष्ट किए। प्रारंभ में सचिन सिंह राजपूत ने धन्यवाद ▶▶|शेष पेज 10 पर

## सरकार बदली सरपंच भी बदल गए, लाखों खर्च के बाद कबाड़ की स्थिति

# गाय गोठान का हाल बेहाल, मौके पर न गाय है न ग्रामीण

सुरेश रावल ▶▶| जगदलपुर

कांग्रेस की भूपेश सरकार के समय बड़े जोर-शोर से गाय गोठान योजना लागू की गई थी। बस्तर संभाग के जनपदों के अनेक ग्राम पंचायतों में गाय गोठान बनाया गया था। योजना का उद्देश्य सही था लेकिन अफसरशाही ने गांव के लोगों और मवेशियों के हित के लिए लागू की गई इस योजना का क्रियान्वयन सही तरीके से नहीं किया। आज की स्थिति में लाखों खर्च करने के बाद गाय गोठान कबाड़ जैसी हालत में है। न गाय है न कोई ग्रामीण यहां दिखाई पड़ता है। हरिभूमि ने नानगूर क्षेत्र के प्रवास के दौरान ग्राम पंचायत उलनार के गाय गोठान का जायजा लिया मुख्य मार्ग पर ठीक पंचायत भवन के पीछे गाय गोठान के लिए सभी तरह की जरुरतें पूरी करने निर्माण किया गया। जहां आज झाड़-झंकाड़ की स्थिति के कारण वीरानी छाई हुई है। यहां ▶▶|शेष पेज 10 पर



### गोबर से वर्मी कम्पोस्ट बनाने की योजना भी बंद



मेरे क्षेत्र में भी गाय गोठान उस समय बनाया गया था जो आज बंद पड़ा है। वहीं गोबर से वर्मी कम्पोस्ट बनाने की योजना भी शुरू की गई थी वह भी बंद हो गई आखिर ऐसे क्यों हुआ इस सम्बंध में जनपद के अधिकारियों से पूछताछ की जाएगी और पूरी रिपोर्ट लेकर समीक्षा करेंगे। इस तरह विकास के लिए मिली राशि की बरबादी नहीं होनी चाहिए।

- पदलाम नाग , अध्यक्ष, जनपद पंचायत जगदलपुर







### सोलर पैनल भी काम का नहीं

गाय गोठान में गांव के मवेशियों को चारा पानी समय पर पर्याप्त मिले इस उद्देश्य से पक्का निर्माण किया गया था। वहीं पानी और बिजली के लिए हैण्ड पम्प और सोलर पैनल भी लगाए गए हैं लेकिन आज इसका कोई फायदा न मवेशियों को मिल रहा न ग्रामीणों को। ऐसे में पंचायत भवन के पीछे बनाया गया गाय गोठान हाल ही में चुनकर आए हुए पंच सरपंचों के लिए एक अतीत का बिगड़ा हुआ प्रतीक के रूप में दिख रहा है।

